# कर्मचारी बीमा निगम की योजनाएं गिनाईं



राज्य बीमा निगम के सदस्य शिवप्रसाद तिवारी ने कर्मचारियों को दिए हेल्थ पासबुक • जागरण

कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ओर से टाटा मोटर्स के परिसर में जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद लोगों को विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया। यहां मौजूद कार्मिकों को हितों की जानकारी से भी अवगत करवाया गया है।

इस मौके पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सदस्य शिवप्रसाद तिवारी, उप निदेशक हरिओम प्रकाश, चिकित्सा अधीक्षक पीएल पटेल, सहायक निदेशक सनत कुमार बिश्वास अन्य कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे। शिव प्रसाद तिवारी ने यहां कर्मचारियों को अनेक अहम जानकारियां दीं। उनको बताया कि किस तरह से ईएसआई से जुड़ी योजनाएं उनके लिए बहुत जरूरी हैं। अनेक बीमित व्यक्तियों की समस्याओं का निराकरण भी मौके पर किया गया। उनके सुझाव भी मांगे गए। संबंधित पर्चे और हेल्थ पासबुक का वितरण भी किया गया। बीमित लोगों की स्वास्थ्य जांच भी इस मौके पर की गई। दवाओं का वितरण भी किया गया। इस मौके पर टाटा मोटर्स की ओर डीजीएम राजीव श्रीवास्तव, रवींद्र सिंह और जसविंदर सिंह मौजूद रहे।